स्वर्णिम 50 वर्ष 1973-2023

म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड

26, अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

admpsambmarket@gmail.com

क्रमांक/शिकायत/215-11/2023/नरसिंहपुर/987 भोपाल, दिनांक 15/09/2023

परिपत्र

कार्यालयीन परिपत्र कमांक/मंडी कार्मिक/अ -1/123/353-354 दिनांक 11.04.2008 एवं क्रमांक/मंडी कार्मिक/अ-1/विविध/05/143-144 दिनांक 02/02/2015 के माध्यम से सभी अधिकारी/कर्मचारियों को अपने निर्धारित मुख्यालय पर निवास करने एवं किसी व्यक्तिगत या कार्यालयीन कार्य से बिना सक्षम अनुमति के मुख्यालय न छोड़ने के निर्देश जारी किये गये हैं।

यह देखने में आया है कि कतिपय रूप से मण्डी बोर्ड के आँचलिक कार्यालयों एवं कृषि उपज मंडी समितियों में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारी वर्तमान में भी अन्य स्थानो से अप-डाउन करते है, जो कि अनियमितता की श्रेणी में आता है। ऐसी प्रवृत्ति से कार्यालयीन व्यवस्थाओं, गतिविधियों एवं नियमन व्यवस्था भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित होती है।

उल्लेखनीय है कि राज्य मण्डी बोर्ड सेवा विनियम, 1998 के विनियम 50(16) के अन्तर्गत मुख्यालय पर निवास नहीं करना आचरण के विपरीत है।

अतः पुनः निर्देशित किया जाता है, कि मण्डी बोर्ड मुख्यालय, आंचलिक कार्यालय, कृषि उपज मण्डी समितियों में पदस्थ समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अनिवार्य रूप से अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही निवास एवं बिना सक्षम अनुमति के मुख्यालय से बाहर गमन नहीं करेंगे। भविष्य में यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी बगैर सक्षम स्वीकृति के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके विरूद्ध सेवा विनियम 30 के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही ऐसे अधिकारी/ कर्मचारी के नियंत्रणकर्ता अधिकारी के विरूद्ध भी कार्यवाही की जाएगी।

उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये।

14/09/23

(श्रीमन् शुक्ला)
प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

स्वर्णिम 50 वर्ष 1973-2023

म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड

26, अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल
admpsambmarket@gmail.com

क्रमांक/शिकायत/215-11/2023/नरसिंहपुर/988 भोपाल, दिनांक/5/09/2023

प्रतिलिपि: सूचनार्थ एवं पालनार्थ

1. निज सहायक, प्रबंध संचालक, म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल ।
2. अपर संचालक स्थापना, म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
3. अपर संचालक / संयुक्त संचालक/ अधीक्षण यंत्री/उप संचालक/सहायक संचालक /सहायक यंत्री/उपयंत्री (समस्त), म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल ।
4. संयुक्त संचालक/उप संचालक/कार्यपालन यंत्री (समस्त) म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय /तकनीकी संभाग..........(समस्त) ।
5. सचिव, कृषि उपज मंडी समिति ....जिला ....(समस्त) ।
6. आदेश नस्ती/सूचना पटल मंडी बोर्ड मुख्यालय भोपाल ।

प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल